आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–26 मार्च 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश की आठ सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने का कल आखिरी दिन है । तीन दिनों तक अवकाश के कारण नामांकन दाखिल करने का कार्य बंद था । आज नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया फिर से शुरू कर दी गयी, जिसमें विभिन्न सीटों के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे । पीलीभीत लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार और पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने पर्चा भरा । बहुजन समाज पार्टी से अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू और नर्दलीय प्रत्याशी आदर्श पांडेय ने नामांकन पत्र दाखिल किया । शामली जिले के कैराना लोकसभा क्षेत्र के लिए समाजवादी पार्टी से इकरा हसन और बहुजन समाज पार्टी से श्रीपाल सिंह ने पर्चा भरा। सहारनपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस इंडिया गठनबंधन के इमरान मसूद ने और बहुजन समाज पार्टी के माजिद अली ने पर्चा दाखिल किया । रामपुर जिले से छह निर्दलीय प्रत्याशी सिफात अली खां, अशोक कुमार, जगत सिंह, अब्दुल कादर और शिव प्रसाद आज तक नामांकन दाखिल कर चुके हैं।

पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा सीटों के लिए उन्नीस अप्रैल को चुनाव होगा । वर्ष दो हजार उन्नीस में हुए लोकसभा चुनाव में इन सीटों में से भाजपा ने तीन सीटें कैराना, मुजफ्फरनगर और पीलीभीत जीती थीं । बसपा ने सहारनपुर, बिजनौर और नगीना सीट जीती थीं और समाजवादी पार्टी ने मुरादाबाद और रामपुर की सीट जीती थी । रामपुर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में यह सीट भाजपा के खाते में चली गयी थी। वर्ष दो हजार उन्नीस में हुए लोकसभा चुनाव में सपा, बसपा और रालोद ने मिल कर चुनाव लड़ा था । इस बार रालोद भाजपा के साथ है, जबकि सपा और कांग्रेस मिल कर चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा इस बार अकेले चुनाव लड़ रही है।

पहले चरण की लोकसभा सीटों के लिए नामांकन पत्रों की जांच अट्ठाइस मार्च को की जाएगी और तीस मार्च तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। पहले चरण में एक करोड़ तैंतालिस लाख मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

****

पूरे देश में हो रहे लोकसभा और कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान इस बार चुनाव आयोग सी–विजिल ऐप के जरिए चुनाव प्रक्रिया पर पैनी नजर रख रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि यह ऐप नागरिकों को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को रिपोर्ट करने का अधिकार देता है और रिपोर्टिंग के सौ मिनट के अंदर कार्रवाई का आश्वासन भी देता है। भारत निर्वाचन आयोग के मुताबिक, यह ऐप सतर्क नागरिकों को सीधे जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी और फ्लाइंग स्क्वाड टीम से जोडता है। इसका उपयोग करके, कोई भी नागरिक राजनीतिक कदाचार की किसी भी घटना की रिपोर्ट चुनाव आयोग को कर सकता है और इसके लिये उन्हें रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है।

****

गोरखपुर और इसके आसपास के जिलों में आज होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया । लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर बधाई दी और फाग गीतों पर जगह जगह थिरकते नजर आए । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में होलिका दहन की राख से तिलक लगा कर होली की शुरूआत की । उन्होंने गुरू गोरक्षनाथ की पूजा अर्चना के बाद गायों को तिलक लगा कर गुड़ और चना भी खिलाया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गोरखपुर शहर के घंटाघर क्षेत्र में आयोजित भगवान नरिंसह शोभायात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए । उन्होंने भगवान नरसिंह की आरती उतारी और रंग गुलाल के साथ फूलों की होली खेली । मुख्यमंत्री ने फाग गीतों का भी आनंद लिया । भगवान नरसिंह की परम्परागत शोभायात्रा का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ करता है । इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से पूरे देश के भीतर सनातन धर्मावलंबी होली जैसे पर्व के जरिये समृद्ध विरासत का हिस्सा बन रहे हैं। उन्होंने बिना सहमति के रंग न खेलेने की भी सलाह दी।

उधर, बलरामपुर जिले के तुलसीपुर नगर स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ पर होली के दूसरे दिन विशाल शोभायात्रा निकाली गयी । इसमें श्रद्धालुओं ने एक दूसरे के साथ अबीर गुलाल और फूलों की होली खेली ।

****

प्रदेश में बीते चौबीस घंटों के भीतर अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में तेरह लोगों को मौत हो गयी, जबकि दो अन्य घायल हो गये । मथुरा जिले के जैंत थाना क्षेत्र के छटीकरा राधाकुंड रोड पर कल एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें एक ही गांव के तीन बाइक सवारों की मौत हो गयी। जिले के मऊरानीपुर क्षेत्र में सड़क हादसे में एक अन्य व्यक्ति की भी मौत हो गयी । बदायूं जिले के इस्लामनगर थाना क्षेत्र में चिचौटा गांव के पास कल दो बाइक की आपसी भीड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक महिला और बच्ची घायल हो गये । जौनपुर जिले के खेतासराय थाना क्षेत्र के गुरैनी बाजार के पास आज अज्ञात चारपहिया वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दिया जिसमें दोनों की मौत हो गयी । मिर्जापुर जिले के कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के समोगरा गांव के पास कल रीवा चुनार हाइवे पर गलत दिशा में दो पहिया वाहन से जा रहे चार लोगों की ट्रक के टक्कर से मौत हो गयी ।

****